पत्रांक–10RA.SANGRAHAN-17-2021(167648)....311...../

बिहार सरकार

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग

प्रेषक,

अजय यादव,
सचिव,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सचिव–सह–खान आयुक्त,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–.....

विषयः– खनन लीज के नवीकरण एवं नये खनन लीज के निबंधन के संबंध में।

महाशय,

आप अवगत हैं कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राजस्व संग्रहण में वृद्धि किया जाना आवश्यक है। खनन लीज के नवीकरण एवं नये खनन लीज दस्तावेज का निबंधन से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है। प्राप्त सूचनानुसार कई जिलों में खनन लीज के नवीकरण एवं नये खनन लीज दस्तावेज का निबंधन लंबित है। खनन लीज के नवीकरण एवं नये खनन लीज के निबंधन हेतु सम्बंधित जिला अवर निबंधक को जिला खनन पदाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित कर कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है।

साथ ही विभागीय पत्रांक–131 दिनांक–07.01.2026 द्वारा विभिन्न उद्देश्यों के लिए किये जाने वाले लीज/बंदोबस्ती दस्तावेजों का निबंधन अनिवार्य रूप से कराये जाने हेतु जिलान्तर्गत सभी कार्यालयों को निदेशित करने का भी अनुरोध सभी समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक से किया गया है।

अतः उपर्युक्त आलोक में अनुरोध है कि राजस्व संग्रहण में वृद्धि हेतु लंबित खनन लीज के नवीकरण एवं नये खनन लीज दस्तावेज का निबंधन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा की जाये।

विश्वासभाजन,

(अजय यादव)
सचिव,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 10RA.SANGRAHAN-17-2021(167648)....311...../ पटना, दिनांक–13.01.26

प्रतिलिपिः– सभी प्रमण्डलीय सहायक निबंधन महानिरीक्षक/सभी जिला अवर निबंधक/सभी अवर निबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

सचिव
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 10RA.SANGRAHAN-17-2021(167648)....311...../ पटना, दिनांक–13.01.26

प्रतिलिपिः– सभी समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

सचिव
बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner

OIC

ज्ञापांक– 10RA.SANGRAHAN-17-2021(167648)....311...../ पटना, दिनांक– 13.01.26

प्रतिलिपि:– मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
विधान मंडल।
13/1/26

Scanned with OKEN Scanner